# गणेश जी के मंदिर में | By Gurmeet Tripti Shakya |

खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में
चलो चलो रे
चलो चलो रे गणेश जी के मंदिर में
खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में

पूरी आस हमारी कर दे, पूरी आस हमारी कर दे
भर सबके भंडारे
हाथ जोड़ के खड़े हैं सारे, भक्त ये तेरे द्वारे
हाँ, भक्त ये तेरे द्वारे

दीन अपंगों को दे दो तुम, दीन अपंगों को दे दो तुम
दाता अपनी शक्ति
दिल से करते रहें सदा हम, गणपत तेरी भक्ति
करे सबको भरपूर तन-मन-धन से

खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में
चलो चलो रे
चलो चलो रे गणेश जी के मंदिर में
खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में

गौरी पुत्र, कृपा के सिंधु, गौरी पुत्र, कृपा के सिंधु
तुम विधि को बतला दो
कैसे पूजा करें तुम्हारी, तुम हमको सिखला दो

ये दुनिया न भाए मुझको, ये दुनिया न भाए मुझको
आया शरण तुम्हारी
भक्ति और विश्वास बढ़ा दो, लेकर नाम तुम्हारी
तेरा नाम ही समाया हर धड़कन में

खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में
चलो चलो रे
चलो चलो रे गणेश जी के मंदिर में
खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में

दीनानाथ, दया के सागर, दीनानाथ, दया के सागर
हम हैं तेरे बच्चे
गले लगा लो हमको स्वामी, बुरे हैं चाहे अच्छे

तुझसे ही है पाया सबकुछ, तुझसे ही है पाया सबकुछ
त्रिलोकि के लाला
तेरी वस्तु तुझे समर्पित, तू सबका रखवाला
आई भक्तों की भीड़ तेरे सत्संग में

खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में
चलो चलो रे
चलो चलो रे गणेश जी के मंदिर में
खुशियाँ ये बाँटे हर एक जन में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-gurmeet-tripti-shakya/